प्रतिदिन अखबार प्रभात
सकारात्मक सोच का 3रा दशक

## किश्तों पर बर्तन देने वाले ने नाबालिग को छेड़ा

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 22 फरवरी–** मंगरूल दस्तगीर थाना क्षेत्र के ग्राम कावली में एक 15 वर्षीय नाबालिग के साथ घर में घुसकर अश्लील छेड़छाड़ की घटना हुई. किश्तों पर बर्तन देने वाले आरोपी विकास सुदामराव तायड़े (28,

### घर में घुसकर किश्तों के पैसे मांगने के बहाने विनयभंग

शिराला पुसदा) किश्तों पर दिये बर्तन के पैसे मांगने के बहाने घर में घुसा और नाबालिग का हाथ पकड़ लिया. उससे कहा कि तुम्हारी मां ने घर पर पैसे छोड़कर जाने थे. अकेली पाकर नाबालिग के साथ आरोपी ने जोर जबरदस्ती की. जिससे यह नाबालिग रोते हुए पड़ोसी महिला के घर गई और उसे आरोपी की हरकत के बारे में बताया. जिसके बाद हंगामा मच गया. मां काम पर गई थी. वहां से मां को बुलाकर इस बारे में तुरंत मंगरूल दस्तगीर थाने में रिपोर्ट दी गई. 21 फरवरी 2023 को सुबह 9 बजे से 9.45 बजे के बीच हुई इस घटना से कावली गांव में जबरदस्त रोष व्याप्त है.

## खेत से वायर चुराया

संवाददाता/प्रतिदिन अखबार

**परतवाड़ा 22 फरवरी–** परतवाड़ा थाना क्षेत्र के खुदानपुर में फिर्यादी शेख फारूख शेख नत्रा (38) के खेत से 65 फुटी वायर मूल्य 1800 रुपए चोरी हो गया. 4 माह से खेत में दिहाड़ी पर काम करने वाले संदिग्ध आरोपी अंकुश सुधाकरराव उरकुड़े (27, धोतरखेड़ा) के खिलाफ रिपोर्ट दी है. परतवाड़ा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. चोरी की यह घटना 20 से 21 फरवरी के बीच हुई.

## मानसिक रोगी युवती ने फांसी लगाई

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 22 फरवरी–** राजापेठ थाना क्षेत्र के जेवड़ नगर गली नंबर 1 में एक मानसिक रोगी महिला ने सीलिंग फैन से ओढनी बांधकर फांसी लगाई. 21 फरवरी को दोपहर 4 बजे यह हादसा हुआ. इस संदर्भ में फिर्यादी गजानन ज्ञानदेव भांडे (52) ने राजापेठ पुलिस को बताया कि इस महिला का एक वर्ष पूर्व विवाह हो चुका था. वह मानसिक रोगी थी. उसका इलाज चल रहा था. इसी दौरान घर में अकेली होने से उसने फांसी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली.

## आत्महत्या में फंसाने की धमकी

**अमरावती–** वलगांव थाना क्षेत्र के समता नगर में फिर्यादी योगेश नरेश मानवटकर (25) को आरोपी नागेश संतोष गायकवाड़ (21, समता नगर, वलगांव) ने धमकाया कि आत्महत्या कर तेरा नाम फंसा दूंगा. आरोपी ने विवाद कर चाकू से हमला किया. शोर शराबा सुनकर फिर्यादी की मां व बहन दौड़कर आई तो आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ. वलगांव पुलिस ने आरोपी नागेश गायकवाड़ के खिलाफ धारा 324, 504, 506 के तहत मामला दर्ज किया है.

नहीं थम रहा मौत का तांडव ◆ मेलघाट में 3 वर्षों में 547 बाल मौतें, 17 माता मृत्यु

# 10 माह में 157 बाल मौतें, 2 माता मृत्यु

त्रिदीप वानखड़े/
प्रतिदिन अखबार, 22 फरवरी

**अमरावती–** कुपोषण का अभिशाप झेल रहे मेलघाट में मौत का तांडव अभी भी थमा नहीं है. अप्रैल 2022 से जनवरी 2023 तक 10 माह में 157 बच्चों की मौत हो गई. जबकि 2 प्रसूताओं की जान गई. इन सरकारी आंकड़ों से साफ है कि आदिवासी बहुल क्षेत्र धारणी और चिखलदरा तहसील में अभी भी शासकीय स्वास्थ्य व्यवस्थाएं कम पड़ रही है. राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस जिले के पालकमंत्री है. कम से कम इस नाते राज्य सरकार को इसकी गंभीर दखल लेने की आवश्यकता है. तभी अमरावती जिले के मेलघाट से इस त्रासदी से छुटकारा मिल सकता है.





### दुनिया में आंखें खोलते ही बन रहे काल का ग्रास

जिला प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग से 'प्रतिदिन अखबार व वृत्त केसरी' को प्राप्त सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 3 वर्षों में यानि 2020 से जनवरी 2023 तक मेलघाट की दोनों तहसीलों में कुल 18 हजार 180 प्रसूतियां दर्ज की गईं. जिसमें से 547 बच्चों की मौत हो गई हैं. इन बच्चों की आयु 0 से लेकर 6 वर्ष के बीच है. जिन्होंने जन्म लेकर अपनी आंखें भी नहीं खोली थी, लेकिन सरकारी अव्यवस्थाओं ने उन्हें काल का ग्रास बना लिया. इसी तरह इन 3 वर्षों में प्रसूति के दौरान माता मृत्यु की संख्या 17 है. यह सभी आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे है कि मेलघाट की दोनों तहसीलों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनवाड़ियों और दोनों तहसील मुख्यालयों के सरकारी ग्रामीण अस्पताल व उपजिला अस्पताल में सभी तरह की सरकारी सुविधाएं और औषधियों के साथ ही सरकार की ओर से पोषाहार की योजना नियमित शुरू रहने के बावजूद जच्चा-बच्चा की जान सुरक्षित नहीं है.

### आंकड़े कम होने के दावे

3 वर्षों के आंकड़ों पर गौर करें तो 547 बच्चों की मौत कोई कम संख्या नहीं है, लेकिन सरकारी स्वास्थ्य विभाग पिछले कुछ वर्षों की तुलना में बाल मौतों और माता मृत्यु के आंकड़े घटने का दावा कर अपनी पीठ अपने हाथों से ठोकने में धन्यता मान रहे है. इस क्रम में यदि आंकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2016-17 (अप्रैल 16 से मार्च 17) में धारणी और चिखलदरा तहसील में कुल 6039 प्रसूतियां दर्ज की गईं. जिसमें से 407 बाल मौतें हुईं. माता मृत्यु की यह संख्या 15 थी. इस वर्ष 2016-17 के आंकड़ों का हवाला देकर सरकारी स्वास्थ्य महकमा


| वर्ष | प्रसूतियां | 0-6 मृत्यु दर | माता मृत्यु दर |
|---|---|---|---|
| 2020-21 | 6250 | 213 | 10 |
| 2021-22 | 6014 | 177 | 05 |
| 2022-1/23 | 5916 | 157 | 02 |
| कुल | 18180 | 547 | 17 |

### प्रशासन नहीं दे रहा गांव निहाय त्रासदी

जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है कि मेलघाट के कौन-कौनसे गांव में यह बाल मौतें और माता मृत्यु अधिक हुई है. इस बारे में जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग का साफ यह कहना है कि इसकी जानकारी जिला परिषद के महिला बाल विकास के पास है. जबकि जिला परिषद का महिला बाल विकास यह जानकारी विभाग के पास उपलब्ध नहीं होने के बारे में साफ इन्कार कर रहा है. इस तरह गांव निहाय त्रासदी के आंकड़े छिपाने से आखिर प्रशासन को क्या हासिल होगा? यह समज से परे है. जिला परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविश्यांत पंडा भी मीडिया के फोन रिसीव नहीं करते. कई बार इस बारे में प्रयास करने पर भी उनका कोई प्रतिसाद नहीं मिला.

# चोरों का आतंक बढ़ा

## एक ही रात में 2 गांवों में 8 चोरियां



संवाददाता/प्रतिदिन अखबार

**आसेगांव पूर्णा, 22 फरवरी** - आसेगांव पूर्णा थाना क्षेत्र के दो गांवों में चोरी की दुस्साहसी वारदातों ने पुलिस की नींद उड़ा दी है. चोरों का यह गिरोह रात में लोग गहरी नींद में सो जाने के बाद घरों में घुसकर हाथ साफ कर रहे है. इस क्रम में धानोरा पूर्णा और राजनापूर्णा में 20 से 21 फरवरी की मध्यरात्रि 8 जगह चोरी हुई. जिससे आसेगांव पुलिस ने चोरों का सुराग लगाने के लिए डॉग स्कॉड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट की भी मदद ली है.

### धानोरा पूर्णा में 2.47 लाख की चोरी

आसेगांव पूर्णा थाना क्षेत्र के ग्राम धानोरा में 20 से 21 फरवरी की मध्यरात्रि दो जगह पर बड़ी चोरी हो गई. फिर्यादी दिवाकर रमेशराव वैराले (37, धोनारा पूर्णा) के मकान में एक अज्ञात व्यक्ति रात के समय घर में नजर आया. बेडरूम की खिड़की से देखकर आवाज लगाई तो यह अज्ञात आरोपी फरार हो गया.

### पड़ोसी की होंडा भी चुरा ले गये

जिसके बाद फिर्यादी दिवाकर वैराले और उसकी पत्नी ने लोहे की अलमारी खोलकर देखी तो उसमें रखे 80 हजार रुपए की कैश व 1 लाख 7 हजार 600 रुपए के स्वर्णाभूषण समेत 1 लाख 87 हजार 600 रुपए का माल चोरी हो गया. इसी तरह पड़ोसी मधुसुदन एकनाथराव पारिसे की होंडा यूनिकॉन मोटर साइकिल (एमएच-27/डीसी-6914) भी चोरों ने चुरा ली. मोटर साइकिल की कीमत 60 हजार रुपए आकी गई है. इस तरह धानोरा पूर्णा में चोरों ने एक ही रात में 2 लाख 47 हजार 600 रुपए का माल चुराया. आसेगांव पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया है. एक ही रात दो जगह बड़ी चोरी हो जाने के कारण धानोरा पूर्णा में हड़कंप मच गया है.

### राजनापूर्णा में 6 मकानों में सेंधमारी

इसी क्रम में राजनापूर्णा में भी एक ही क्षेत्र के 6 मकानों को चोरों ने निशाना बनाया. चोरों के कारण ग्रामवासियों के साथ ही आसेगांव पूर्णा पुलिस हैरान-परेशान हो गई है. धानोरा पूर्णा में जिस रात दो जगह पर बड़ी चोरियां हुईं. ठीक उसी दौरान राजनापूर्णा में भी चोरों ने 3 मकानों को अपना निशाना बनाकर 1 लाख 7 हजार 500 रुपए का माल चुरा लिया. जबकि 3 घरों में चोरी का प्रयास किया. एक ही रात चोरों के आतंक से राजनापूर्णा गांव में जबरदस्त सनसनी देखी जा रही है. पुलिस सूत्रों के अनुसार राजनापूर्णा में फिर्यादी सचिन दामोदर भटकर (34) की शिकायत के अनुसार चोरों ने ताला और कूंडा तोड़कर अलमारी में से 61 हजार रुपए की कैश उड़ाई. इसी तरह ग्रामवासी उमेश गणेश नवलकर के घर से 12 ग्राम सोने की चेन मूल्य 36 हजार रुपए और 1500 रुपए कैश चोरी की. तीसरे ग्रामवासी अजीज खां के घर से चोरों ने 2 ग्राम सोने की चेन मूल्य 8 हजार रुपए और 1 हजार रुपए कैश चुरा ली. इसके बाद चोरों ने राजनापूर्णा के इसी क्षेत्र में हारुण खां नूर खां, सईद खां और बालकृष्ण अंबादास धवे के मकान में घुसकर चोरी का प्रयास किया. इस तरह धानोरा पूर्णा और राजनापूर्णा में चोरी की घटनाओं से दोनों गांवों में तहलका मचा है.

# बफर जोन में खुदाई पर हो सख्त एक्शन

## मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट के उच्चाधिकारियों को जांच के आदेश

### सांसद नवनीत राणा ने ली गंभीर दखल

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 22 फरवरी–** जलजीवन मिशन के अंतर्गत मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट के तारूबांदा रेंज में आने वाले चौराकुंड बफर जोन में पाइप लाइन बिछाने के लिए ठेकेदार द्वारा व्याघ्र प्रकल्प की बगैर परमिशन के खुदाई किये जाने का मामला सांसद नवनीत रवि राणा तक पहुंच गया है. उन्होंने इस मामले की गंभीर दखल लेते हुए मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट के अधिकारियों को जांच के आदेश दिए है.



### जंगली जानवरों की सुरक्षा पर खतरा बर्दाश्त नहीं

'प्रतिदिन अखबार व वृत्त केसरी' द्वारा संपर्क किये जाने पर सांसद नवनीत राणा ने स्पष्ट कहा कि मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट में किसी भी तरह की खुदाई वर्जित है. इससे जंगली जानवरों को नुकसान पहुंचता है. पहले ही मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट में तेंदुए समेत जंगली जानवरों की लगातार मौतों की खबरें आ रही हैं. उसमें इस तरह बगैर परमिशन के मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट के बफर जोन में पाइप लाइन के लिए खुदाई करना वन कानून का सरासर उल्लंघन है. इसी तरह से चलता रहा तो मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट में जंगली जानवरों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी. इसके लिए मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट के प्रमुख अधिकारियों को इस बारे में तत्काल जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश सांसद नवनीत रवि राणा ने दिए है.

### ले-आऊट मंजूर करने वाले अभियंता पर हो कार्रवाई

जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार पुरस्कृत जलजीवन मिशन के अंतर्गत मेलघाट व्याघ्र प्रकल्प के तारूबांदा रेंज में आने वाले बफर जोन में पाइप लाइन बिछाने के लिए ठेकेदार द्वारा फॉरेस्ट की बगैर परमिशन के खुदाई की गई. वन कानून के अनुसार बफर जोन में किसी भी तरह की खुदाई वर्जित है. आम तौर पर जलजीवन मिशन अंतर्गत पाइप लाइन बिछाने के लिए प्रस्तावित जगह का ले-आऊट संबंधित उपअभियंता अपने प्रभारी अभियंता के मार्गदर्शन में मंजूर करता है. जिसके बाद ही संबंधित ठेकेदार इस ले-आऊट के अनुसार पाइप लाइन बिछाने का काम आगे बढ़ाता है. चौराकुंड में जलापूर्ति योजना के लिए बफर जोन में पाइप लाइन बिछाने के लिए ले-आऊट मंजूर करने वाले उपअभियंता विपिन कोराटे और कनिष्ठ अभियंता विजयकर पर मेलघाट टाइगर प्रोजेक्ट के आरएफओ ने सब कुछ पता होने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं की. जिसके कारण डीएफओ दिव्या भारती की सजगता को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे है. मेलघाट में नियुक्त जिला परिषद के जलापूर्ति विभाग के उपअभियंता विपिन कोराटे और कनिष्ठ अभियंता विजयकर के अधीन चौराकुंड में जलापूर्ति योजना का यह काम चल रहा है.



### 1 करोड़ का ठेका, 45 लाख आवंटित

बताया जाता है कि, चौराकुंड में पाइप लाइन बिछाने के लिए वन कानून की धज्जियां उड़ाकर बफर जोन में खुदाई करने वाले ठेकेदार को जिला परिषद के जलापूर्ति विभाग ने वनथर्ड भुगतान के तौर पर ठेकेदार को 45 लाख रुपए का बिल भी आवंटित कर दिया है. चौराकुंड में पाइप लाइन और कुएं के कार्य के लिए लगभग 1 करोड़ का ठेका संबंधित ठेकेदार को दिया गया है. बफर जोन में खुदाई कर वन कानून का उल्लंघन करने वाले ठेकेदार को 45 लाख रुपए का भुगतान कैसे किया गया? इसको लेकर फॉरेस्ट के आला अधिकारी भी अचंभित हैं.

## ताला तोड़कर 18 हजार का माल चुराया

**मोर्शी** - यहां अजमेर ले-आऊट में अमोल ओंकारराव गेडाम (52) के मकान में चोरी हो गई. चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर बेडरूम में लोहे की अलमारी का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया. इसमें रखे 5 हजार रुपए की कैश और हैंडबैग में रखी 13 हजार रुपए की कैश समेत 18 हजार रुपए की कैश चुरा ली. 31 जनवरी 2023 से 21 फरवरी 2023 के बीच यह चोरी हुई. शिकायत के अनुसार फिर्यादी अमोल गेडाम 31 जनवरी 2023 को घर के मुख्य दरवाजे को ताला लगाकर वरुड़ गये थे. मां की तेरहवीं निपटाकर अमरावती पहुंचे और 21 फरवरी को दोपहर 4.30 बजे मोर्शी में उनकी पड़ोसी महिला ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का दरवाजा खुला है. जिससे अमोल गेडाम तुरंत मोर्शी के घर पहुंचे. वहां देखा तो दरवाजा का ताला टूटा दिखायी दिया. घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा मिला. घर से 18 हजार रुपए की कैश चोरी हुई.

# हाइवे पर किया चक्काजाम

### स्वाभिमानी शेतकरी संगठन का आयोजन

### आधा घंटा दोनों ओर से ठप रहा ट्रैफिक

प्रतिनिधि/प्रतिदिन अखबार

**अमरावती, 22 फरवरी–** स्वाभिमानी शेतकरी संगठन द्वारा बुधवार को आहूत राज्य स्तरीय आंदोलन के तहत अमरावती में संगठन के जिला प्रमुख अमित अढाऊ व पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण मोहोड़ के नेतृत्व में हाइवे पर बिजीलैंड के सामने चक्काजाम किया गया. दोपहर 12.30 से 1 बजे तक चले इस रास्ता रोको आंदोलन के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर से वाहनों की आवाजाही ठप पड़ गई थी. पुलिस ने तत्काल पहुंचकर 50 आंदोलन कारियों को डिटेन किया.



### कपास, सोयाबीन के भाव बढ़ाओ

स्वाभिमानी शेतकरी संगठन के प्रमुख पूर्व सांसद राजू शेट्टी के आह्वान पर संपूर्ण महाराष्ट्र में बुधवार को जगह-जगह चक्काजाम आंदोलन किया गया. कपास और सोयाबीन को भाव बढ़ाने, अतिवृष्टि ग्रस्त किसानों को तत्काल आर्थिक सरकारी सहायता उपलब्ध कराने और फसल बीमा योजना का क्षतिग्रस्त किसानों को लाभ दिलाने की मांग की गई. साथ ही बोंड इल्ली मुक्त कपास के बीज उपलब्ध कराने, खेतीहर मजदूरों के लिए स्वतंत्र कल्याण महामंडल स्थापित करने, कृषि पंपों को दिन में बिजली व कृषि कनेक्शन पर बढ़ता लोड समतोल करने के लिए नई डीपी बढ़ाने गन्ने पर एफआरपी और प्रोत्साहन पर अनुदान की बकाया रकम जारी करने, नाफेड़ के माध्यम से सरकारी प्याज खरीदी और बुलडाना में आंदोलनकारी किसानों पर लाठीचार्ज करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जांच करने की मांग को लेकर इस राज्य स्तरीय आंदोलन का असर अमरावती शहर में भी देखने मिला. स्वाभिमानी शेतकरी संगठन के जिलाध्यक्ष अमित अढाऊ और स्वाभिमानी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रवीण मोहोड़ के नेतृत्व में नांदगांव पेठ टोल नाके के पहले बिजीलैंड के सामने हाइवे पर आंदोलनकारी बीच सड़क बैठ गए. जिसके कारण हाइवे पर दोनों ओर से वाहनों की कतारें लग गईं. पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आंदोलनकारियों को डिटेन किया. जिनमें प्रमुख रूप से अमित अढाऊ, प्रवीण मोहोड, मंगेश फाटे, स्वप्निल कोठे, प्रशांत शिरभाते, डॉ.बालापुरे, दिनेश आमले, सतीश शेलके, अरिहंत देशमुख, नरेंद्र कंठाने, प्रेम जवंजाल, सुनील ठवली, अनिकेत मोहोड़ समेत अन्य आंदोलन कारियों का समावेश रहा.

